# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

# SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – I SESSION 2025 - 26**

**CLASS – IX**

**TIME : 1 hr. : 30 min.** **SUBJECT – HINDI** **M.M = 40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

## खंड – क (पठन)

**(1) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

भारत की जलवायु में काफी क्षेत्रीय विविधता पाई जाती है। संपूर्ण विश्व आज जिस बड़ी समस्या से जूझ रहा है. वह है- जलवायु परिवर्तन। जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी विश्वस्तरीय समस्या का रूप ले चुका है, जिसके समाधान के लिए संपूर्ण विश्व को संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। सामान्य मौसमी अभिवृत्तियों में किसी विशेष स्थान पर होने वाले विशिष्ट परिवर्तन को ही जलवायु परिवर्तन कहते हैं। मौसम में अचानक परिवर्तन, फसल चक्र का परिवर्तित होना, वनस्पतियों की प्रजातियों का लुप्त होना, तापमान में वृद्धि, हिमनदों का पिघलना और समुद्र जल-स्तर में लगातार वृद्धि ऐसे सूचक हैं, जिनसे जलवायु परिवर्तन की परिघटना का पता चलता है। हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक माना जाता है। पृथ्वी पर हिमनदों के लगातार कम होने तथा उनके स्तर के नीचे खिसकने से समुद्र के जल-स्तर में वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन के पीछे कोई एक कारण नहीं है, किंतु वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा के निरंतर बढ़ते रहने को इसका सबसे बड़ा कारण माना जाता है। पृथ्वी पर आने वाली सौर ऊर्जा की बड़ी मात्रा अवरक्त किरणों के रूप में पृथ्वी के वातावरण से बाहर चली जाती है। इस ऊर्जा की कुछ मात्रा ग्रीन हाउस गैसों द्वारा अवशोषित होकर पुनः पृथ्वी पर पहुँच जाती है, जिससे तापक्रम अनुकूल बना रहता है। ग्रीन हाउस गैसों में मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड इत्यादि शामिल हैं। वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का होना अच्छा है, किंतु जब इनकी मात्रा बढ़ जाती है, तो तापमान में वृद्धि होने लगती है।इससे जो समस्या सामने आई है, उसे 'ग्लोबल वार्मिंग' अर्थात् 'वैश्विक तापवृद्धि' की संज्ञा दी गई है। वास्तव में, ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का ही एक रूप है।

**(i)** निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा? **(1)**

(क) जलवायु परिवर्तन की समस्या (ख)ग्रीन हाउस का प्रभाव

(ग)पृथ्वी का बढ़ता तापमान (घ) हिमनदों का पिघलना

**(ii)** गद्यांश में जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक किसे माना जाता है? **(1)**

(क) मौसम में परिवर्तन को (ख) तापमान में वृद्धि को

(ग) हिमनदों के पिघलने को (घ) समुद्र जल स्तर में वृद्धि को

**(iii) कथन (A):** जलवायु परिवर्तन से वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। **(1)**

**कारण (R):** ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में निरंतर वृद्धि तापमान को बढ़ा देती है।

(क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं।

**(iv)** वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा बढ़ जाने के फलस्वरूप किसकी समस्या उत्पन्न होती है? **(2)**

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**(2) (क)** वर्णों की सार्थक इकाई क्या कहलाती है ? **(1)**

**(ख)** मोहन बाजार से तरबूज लाया –में रेखांकित शब्द क्या है ? **(1)**

**(3) (क) निर्वाह** शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए। **(1)**

**(ख) आरोहण** शब्द में से उपसर्ग बताइए। **(1)**

**(ग) इक** प्रत्यय से नया शब्द बनाइए। **(1)**

**(4)** अनुनासिक और अनुस्वार शब्द चुनकर अलग-अलग लिखिए। **(2x1=2)**

अँधेर, संतुलन, शंकु, मुंह, डँस

## खंड- ग (पाठ्यपुस्तक)

**(5) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए :-** **(3x1=3)**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी ।
प्रभु तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा ।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती ।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा ।।

**(क)** कवि को कौन-सी रट लग गई है ?
**(ख)** कवि की भक्ति का स्वरूप क्या है ?
**(ग)** सोने में क्या मिलाने से उसकी चमक बढ़ जाती है ?

**(6) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(3x1=3)**

एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हजारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले बर्फ के फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद, मैं अपने घुटनों के बल बैठी, बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे' के ताज का चुंबन लिया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चना की और इनको बर्फ़ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता-पिता का ध्यान आया।

**(i)** एवरेस्ट शंकु का अर्थ स्पष्ट करें।
**(ii)** लेखिका के सामने उनकी सुरक्षा का प्रश्न क्यों उठा ?
**(iii)** लेखिका ने अपने आपको सुरक्षित किस प्रकार किया ?

**(7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखें :-** **(4x2=8)**

**(क)** रविदास जी अपनी कौन-सी आदत छोड़ नहीं पा रहे थे ?
**(ख)** अंगदोरजी दिन में ही पर्वत शिखर पर जाकर वापस क्यों लौटना चाहता था ? एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा के आधार पर बताइए ?
**(ग)** पाठ दुख का अधिकार के आधार पर बताइए की बुढ़िया के किस कार्य को अन्य लोग अपराध बता रहे थे ?
**(घ)** प्रभु ने रैदास जी पर किस प्रकार कृपा की ?

**(8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(2x2=4)**

**(क)** महादेवी वर्मा ने गिल्लू के लिए 'परिचारिका' शब्द का प्रयोग किन कारणों से किया है ?
**(ख)** महादेवी वर्मा पीली कली को देखकर खुश क्यों हुई ?

## खंड- घ (लेखन)

**(9) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

**(क) हिंदी : हमारी राष्ट्रभाषा**

संकेत बिन्दु – • भूमिका • विभिन्न रूपों में हिंदी का प्रयोग • वर्तमान स्थिति और हमारा कर्तव्य

**(ख) इंटरनेट**

संकेत बिन्दु – • विज्ञान की अद्भुत उपलब्धि मनोरंजन व संपर्क का साधन लाभ और हानि

**(ग) प्लास्टिक की दुनिया**

संकेत बिन्दु – • भूमिका • प्लास्टिक के प्रयोग के विविध रूप • प्लास्टिक का सही और गलत प्रयोग प्लास्टिक की बनी थैलियों का बढ़ता कुप्रभाव पर्यावरण पर प्रभाव • रोकथाम और उपाय

**(10) (क)** विदेशी मित्र साथी को पत्र लिखिए और उसमें अपने विद्यालय की विशेषताएं बताइए। **(5)**

**अथवा**

**(ख)** परीक्षा के बाद अपने कार्यक्रम का विवरण देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।